**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**12.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

**पीएम–रोज़गार मेला**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि रोज़गार मेला युवाओं को सशक्त बनाने और विकसित भारत के निर्माण में उनका सक्रिय सहयोग लेने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों में 51 हज़ार से ज़्यादा युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद रोज़गार मेले में बोल रहे थे। नवनियुक्त युवाओं को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की रोज़गार मेला पहल से लाखों युवा केंद्र सरकार में स्थायी नौकरियां हासिल कर चुके हैं और राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

निजी क्षेत्र में रोज़गार के नये अवसरों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि हाल ही में रोज़गार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी गई है। उन्होंने बताया कि इस पहल के लिए सरकार ने करीब एक लाख करोड़ रुपए आवंटित किए हैं और इससे साढ़े 3 करोड़ रोजगार सृजित करने में मदद मिलेगी।

-------------------------------------------------------

**उपमुख्यमंत्री**

केन्द्र सरकार ने ऊना ज़िले में हरोली विधानसभा क्षेत्र की बीत क्षेत्र सिंचाई योजना के दूसरे चरण के लिए 20 करोड़ 25 लाख रूपये की पहली किश्त जारी कर दी है। इस योजना की कुल लागत 75 करोड़ रूपये है जिसमें से 90 प्रतिशत राशि केन्द्र सरकार जबकि 10 प्रतिशत राशि राज्य सरकार वहन करेगी। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि इस योजना से बीत, पालकवाह और कर्मपुर क्षेत्र के 22 से अधिक गांवों की करीब 50 हज़ार कनाल कृषि भूमि को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि सरकार का लक्ष्य हर खेत को पानी और हर किसान को राहत पहुंचाना है और इस दिशा में योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है।

-------------------------------------------------------

**मुख्य न्यायाधीश**

प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया ने आज सोलन ज़िले के नालागढ़ में नवनिर्मित आवासीय परिसर का लोकार्पण किया। न्यायिक अधिकारियों के लिए बने इस परिसर

के निर्माण पर करीब 3 करोड़ रूपये की राशि खर्च हुई है। मुख्य न्यायाधीश ने नालागढ़ के न्यायिक परिसर में ई–सेवा केन्द्र का निरीक्षण भी किया। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश भी दिए।

---

**मंडी दौरा**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी आपदा प्रभावित मंडी ज़िले के दौरे पर हैं। उन्होंन आज सराज विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया और आपदा प्रभावितों से मुलाकात की। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों से प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे राहत व पुनर्वास कार्यों का जायज़ा लिया और ज़रूरी दिशा–निर्देश भी दिए।

इस बीच पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर कल मंडी ज़िले के धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर आपदा प्रभावित परिवारों से मुलाकात करेंगे।

---

**मौसम**

प्रदेश में मानसून का दौर और तेज़ हो गया है। मौसम विभाग ने 18 जुलाई तक कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा की चेतावनी जारी करते हुए येलो अलर्ट जारी किया है। भारी बारिश से प्रदेश में सड़क, बिजली और पानी की व्यवस्था प्रभावित हुई है, जिसके चलते सामान्य जनजीवन अस्त–व्यस्त है। इस मानसून सीजन में अब तक बारिश से जुड़ी घटनाओं में 92 लोगों की जान जा चुकी है, 33 लोग लापता हैं और एक सौ 72 लोग घायल हुए हैं। आपदा से सबसे ज्यादा मंडी में 21 मौतें हुई हैं, जबकि कांगड़ा में 14, कुल्लू में 10, चम्बा में 9 और बिलासपुर में 7 लोगों की मौत हुई है। प्रदेश में पिछले 24 घंटो में मंडी, बिलासपुर और हमीरपुर जिलों में व्यापक वर्षा हुई है। वहीं, रोहतांग दर्रे और मनाली की ऊँची चोटियों पर हल्की ताज़ा बर्फबारी भी हुई है, जिससे  तापमान में कमी दर्ज की गई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार प्रदेश में भूस्खलन और अन्य कारणों से दो नेशनल हाईवे सहित कुल 2 सौ 47 सड़कें आवाजाही के लिए अभी बंद पड़ी हैं, जबकि 4 सौ 63 बिजली ट्रांसफार्मर और 7 सौ 81 पेयजल योजनाएं भी बाधित हैं।

---

**शिलान्यास**

मुख्यमंत्री राजनीतिक सलाहकार सुनिल शर्मा बिट्टू ने आज हमीरपुर में खोखाधारकों के लिए बनने वाली दुकानों और ग्रामीण हाट का शिलान्यास किया। एक जनसभा में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गरीब व लाचार खोखाधारकों की मांग को सुनते हुए उन्हें पक्की दुकानों की सौगात दी है।

हमीरपुर शहर के विकास कार्यों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि शहर के विकास के लिए करीब एक सौ 50 करोड़ रूपये की योजनाओं का खाका तैयार किया गया है।

-----------------------------------------------------